PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Business Bhaskar, Faridabad**
**Thursday 30th January 2014, Page: 3**
**Width: 9.57 cms, Height: 5.42 cms, a4, Ref: pmln.2014-01-30.58.35**

# वीनस को मिला अमेरिकी पेटेंट

**प्रेट्र ▸ मुंबई...** वीनस रिमेडीज लिमिटेड ने बुधवार को बताया कि उसे दर्द निवारक इंजेक्शन एक्निल के लिए अमेरिकी पेटेंट ऑफिस का अनुमोदन मिल गया है।यह दवा वीनस रिमेडीज की अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) शाखा वीनस मेडिसिन रिसर्च सेंटर (वीएमआरसी) द्वारा विकसित की गई है। इस दवा का पेटेंट वर्ष 2032 तक के लिए दिया गया है। एक दिन में इस दवा की एक डोज मान्य है।कंपनी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी बाजार में इस फॉर्मुलेशन का व्यावसायीकरण तकनीक हस्तांतरण या एक्सक्लूसिव मार्केटिंग अधिकार वितरण के रास्ते किया जाएगा। कंपनी ने इस दिशा में हर तरह की सौदेबाजी का विकल्प खुला रखा है। एक्निल में एसेक्लोफेनिक है और यह एक नॉन-स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग (एनएसएआईडी) है।

3